**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

FINAL EXAMINATION 2024-25

Subject- Hindi (2nd Lang.)

Class: VIII Max Marks: 80

Date: 09 .03.25 Time - 3 Hours

*General Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of 13 questions divided into 4 Sections .*
3. *There is no overall choice .However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of 6 printed pages.*

---

खंड (क)

प्र 1 – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

भारत के सभी प्रदेशों की नारियों को चूड़ियाँ अत्यंत प्रिय हैं । उत्तरप्रदेश में बालिकाओं के विवाह के अवसर पर हरे रंग की काँच की चूड़ियाँ पहनाई जाती हैं । ब्रज प्रदेश में विवाह के दिन सभी सुहागिन महिलाओं को चूड़ियाँ पहनने की प्रथा आज भी है । हरी काँच की चूड़ियाँ पहनने से शीघ्र शुभ फल प्राप्त करने में सफलता मिलती है । देवियों को सदा सुहागिन मानकर विशेष अवसरों पर उनके लिए प्रथमत : चूड़ियाँ बाँध दी जाती है। पुत्र जन्म के अवसर पर भी हरी काँच की चूड़ियाँ पहनना शुभ माना जाता है । करवा चौथ ,हरितालिका तीज,होली-दीपावली ,भाई-दूज आदि त्योहारों पर नई सुंदर चूड़ियाँ पहनना सौभाग्य का सूचक होता है । सावन मास में तो चूड़ियों की बहार आ जाती है । चूड़ियों के फैशन में परिवर्तन आता रहता है ,कभी दो-चार चूड़ी , कभी कलाई भरकर। आजकल एक हाथ में घड़ी और दूसरे हाथ में चार चूड़ियों का प्रचलन है । विदेशी नारियाँ भी चूड़ियाँ पसंद करने लगी हैं और पहनती हैं । इसके बनाने की अति जटिल प्रक्रिया है । आश्चर्य है कि नारी के हाथों में पहुँचने से पहले रंग-बिरंगी चूड़ियाँ दस व्यक्तियों के हाथों से गुजती है । चूड़ियाँ नारी के श्रृंगार ,सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक तो हैं ही ,किन्तु पुरुषत्व की प्रेरणा और चुनौती भी बन जाती है । जब भी पुरुषों को पीछे हटता हुआ देखा गया ,नारियों ने ही चूड़ियाँ भेजकर ललकार दिया । अबला का आभूषण होकर भी वही चूड़ियाँ इस अवसर पर रण-निमंत्रण बन जाती है ।

(i) किस राज्य की बालिकाएँ विवाह पर हरे रंग की चूड़ियाँ पहनती हैं ? 1

(क)मध्यप्रदेश (ख) उत्तरप्रदेश (ग) असम (घ) पंजाब

(ii) पुत्र जन्म के अवसर पर कौन सी चूड़ियाँ पहनना शुभ माना जाता है? 1

(क)हरी काँच की चूड़ियाँ (ख) काली काँच की चूड़ियाँ

(ग) हरी लाख की चूड़ियाँ (घ) सोने की चूड़ियाँ

(iii) कौन से मास में चूड़ियों की बहार आ जाती है? 1

(क)फाल्गुन मास (ख) कार्तिक मास (ग) सावन मास (घ) पौष मास

(iv) चूड़ियाँ परुषत्व की प्रेरणा तथा चुनौती कैसे बन जाती है ? 2

(V) चूड़ियों के फैशन में क्या परिवर्तन आता रहता है? आजकल की महिलाएँ किस तरह की चूड़ियाँ पहनती हैं ? 2

प्र 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों से लिखिए :

गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर, सन 1869 ई. को पोरबंदर में हुआ। उन्होंने अपनी प्रथम साँस धार्मिकता के विशुद्ध वातावरण में ली । यही कारण है कि गांधीजी प्रारंभ से लेकर अंत तक विशुद्ध धार्मिक बने रहे। बाल्यावस्था में ही उन्हें सत्य से प्रेम था । वे माता की आज्ञा के पालक गुरु के अनन्य भक्त थे 118 वर्ष की अवस्था में मैट्रिक की परीक्षा पास करने के पश्चात वे बैरिस्टरी पढ़ने के लिए विलायत चले गए । उनकी माता उन्हें विलायत जाने देना नहीं चाहती थी, क्योंकि उन्हें भय था कि विलायत के दूषित वातावरण में जाकर उनका जीवन मलिनता के साँचे में ढल जायेगा, किंतु जब गांधीजी ने उनके सामने 3 प्रतिज्ञाएँ की तब उन्होंने उन्हें विलायत जाने की आज्ञा दे दी । वे प्रतिज्ञाएँ थी- मांसाहार नहीं करेंगे, मदिरा-सेवन से दूर रहेंगे और परस्त्री गमन से बचेंगे 1 गांधीजी ने विलायत में अपनी प्रतिज्ञाओं का पूर्ण रुप से पालन किया 1 गांधी जी का विवाह तभी हो गया था, जब वे हाई स्कूल में पढ़ते थे 1 गांधीजी की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरबा पढ़ी-लिखी नहीं थी, गांधी जी ने ही उन्हें शिक्षा दी । वेस्वयं भी बड़ी प्रतिभाशाली और कार्य-कुशल महिला थीं । उन्होंने आजीवन गांधी जी का साथ एक सती और पतिव्रता स्त्री की भांति दिया। भारत आकर गांधी जी अछूतोद्धार, हिंदू मुस्लिम एकता तथा खादी और चरखे के प्रचार इत्यादि कार्यों में लगगए ।उन्हों ने नवजीवन और यंग इंडिया नामक हिंदी और अंग्रेजी में समाचार पत्र प्रकाशित किए । ये दोनों पत्र उनके विचारों के अग्रदूत थे ।

(i) बाल्यावस्था में उन्हें किस से प्रेम था ? 1
(क) असत्य (ख) सत्य (ग) झूठ (घ) निंदा
(ii) गांधीजी की माता उन्हें कहाँ जाने देना नहीं चाहती थी? 1
(क) विलायत (ख) नेपाल (ग) भूटान (घ) चीन
(iii) गांधी जी ने कौन-कौनसे समाचार पत्र प्रकाशित किए ? 1
(क) यंग इंडिया, नवजीवन (ख) पंजाब केसरी (ग) दैनिक जागरण (घ) दैनिक भास्कर
(iv) विलायत जाने के लिए गांधी जी ने माँ से कौन-कौन सी तीन प्रतिज्ञाएँ कीं ? 2
(v) कस्तूरबा गांधी कैसी महिला थीं? 2

(खंड ख)

प्र 3 – क -'इका' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए :
1
ख -- विलोम शब्द लिखिए : पक्ष , प्राचीन 1
ग – (i) संधि करें -- भानु +उदय, सूर्य +उदय 1
(ii) संधि विच्छेद करें – वेदांत, सुरेश 1
घ - निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार व अनुनासिक का प्रयोग करें- 1

फैसी , अगूठा

ड - निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द भरें ---- 1

(i) मोहन फुटबॉल ---------------है ।

(ii) गाय घास ---------------- है ।

च - निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्द भरें ---- 1

(i) हवा --------------- चल रही है ।

(ii) बच्चा ------------चिल्लाया ।

छ – निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाविशेषण छाँट कर लिखिए -- 1

(i) तुमने तो बहुत ज़रा-सा खाया था ।

(ii) चोर चुपके-से घर में घुसा ।

प्र 4 क–दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : सोना , धरती 2

ख - निम्नलिखित मुहावरों के वाक्य बनाएँ---- 2

(i) कोल्हू का बैल (ii) एक आँख न भाना

ग- वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए : 2

(i) अपने देश से प्यार करने वाला -

(ii) जो कभी न मरे –

घ- अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए ---- 2

(i) क्या अहमद स्कूल गया है ?

(ii) वाह ! तुमने तो कमाल कर दिया ।

( खण्ड –ग)

प्र 5 निम्नलिखित गद्यांश को पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों से लिखिए : 5

एक दिन एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लथपथ एक बाज साँप की उस गुफा में आ गिरा। उसकी छाती पर कितने ही ज़ख्मों के निशान थे, पंख खून से सने थे और वह अधमरा-सा जोर-शोर से हाँफ रहा था। जमीन पर गिरते ही उसने एक दर्द भरी चीख मारी और पंखों को फड़फड़ाता हुआ धरती पर लोटने लगा। डर से साँप अपने कोने में सिकुड़ गया। किंतु दूसरे ही क्षण उसने भाँप लिया कि बाज जीवन की अंतिम साँसें गिन रहा है और उससे डरना बेकार है। यह सोचकर उसकी हिम्मत बँधी और वह रेंगता हुआ उस घायल पक्षी के पास जा पहुँचा। उसकी तरफ कुछ देर तक देखता रहा, फिर मन ही मन खुश होता हुआ बोला- “क्यों भाई, इतनी जल्दी मरने की तैयारी कर ली?” बाज ने

एक लंबी आह भरी “ऐसा ही दिखता है कि आखिरी घड़ी आ पहुँची है लेकिन मुझे कोई शिकायत नहीं है।

(i). उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम बताएँ ।

(क) सूर्यकांत त्रिपाठी (ख) रामचंद्र तिवारी

(ग) निर्मल वर्मा (घ) सूरदास

(ii) साँप की गुफा में कौन आ गिरा?

(क) एक बाज (ख) एक . साँप का बच्चा

(ग) एक मैना (घ) एक कोयल

(iii) बाज की हालत कैसी थी?

(क) अच्छी (ख) बुरी

(ग) थोड़ी अच्छी थोड़ी बुरी (घ) खून से लथपथ तथा अधमरा-सा

(iv) बाज को देखकर साँप की क्या हालत हुई?

(क) साँप डर कर वहाँ से भाग गया। (ख) साँप डर कर कोने में सिकुड़ गया।

(ग) क और ख दोनो (घ) इनमें से कोई नही

(v) बाज के किस हिस्से पर कई जख्मों के निशान थे ?

(क) आँखों पर (ख) पंजों पर

(ग) छाती पर (घ) सिर पर

प्र 6 - दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए | 8

1- कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है ?

2- लाला झाऊलाल के बारे में आप क्या जानते हैं ?

3- सुदामा की दीनदशा देखकर देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ?

4 -गुफ़ा के अंदर का दृश्य कैसा था ?

5- बूढ़ी नानी सदियों से कहानियाँ क्यों सुनाया करती होगी?

प्र 7 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 6

1- भगवान का नाम जपने के लिए मनुष्य किस चीज़ का प्रयोग करता है ?

2- मेजर डगलस ने जहाँगीरी अंडा कहाँ से खरीदा था ?

3- सुदामा अपने गाँव आकर क्या खोज नहीं पाए ?

4- साँप कहाँ रहता था ?

5- समय के लिए किस विशेषण का प्रयोग हुआ है ?

6- बदलू की बेटी का क्या नाम था ?

प्र 8 – निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

ऐसे बेहाल बिवाइन सों, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए।
हाय! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दनि खोए।
देखि सुदामा की दीन दसा, करुना करिकै करुनानिधि रोए।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।
कछु भाभी हमको दियो, सो तुम काहे न देत।
चाँपि पोटरी काँख में, रहे कहो केहि हेतु।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के कवि का नाम क्या है ?
(क) कबीरदास (ख) नरोत्तमदास (ग) सूरदास (घ) महादेवी वर्मा

(ii). सुदामा के पाँव में क्या लगे हुए थे?
(क) पत्थर (ख) फूल
(ग) काँटे (घ) इनमें से कोई नही

(iii). श्री कृष्ण ने सुदामा के पैर कैसे धोए ?
(क) अपने आँसूओं से (ख) साबुन से (ग) दूध से (घ) सभी से

(iv). सुदामा ने पोटली कहाँ छुपाई थी ?
(क) बगल में (ख) झोले में (ग) संदूक में (घ) इनमें से कोई नहीं

(v). श्री कृष्ण ने सुदामा को किस अवस्था में देखा?
(क) बढ़िया अवस्था में (ख) ठीक-ठाक अवस्था में
(ग) दयनीय अवस्था में (घ) अच्छी अवस्था में

प्र 9 - दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए | 6

1. अंग्रेज़ द्वारा सुनाई गई जहाँगीरी अंडे की कहानी लिखिए ।
2. 'आपा' 'आत्मविश्वास' 'उत्साह' में क्या कोई अंतर है? स्पष्ट कीजिए|
3. निर्धनता के बाद मिलने वाली संपन्नता का चित्रण कविता की अंतिम पंक्तियों में वर्णित है। उसे अपने शब्दों में लिखिए।?
4. बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

**(खंड घ)**

प्र 10 – निम्नलिखित में से कोई एक अनुच्छेद लिखिए - 5

1 मेले की सैर 2 मित्रता 3 गणतंत्र दिवस

प्र 11 - प्रातःकाल की सैर के लाभ बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए। 5

या


पिताजी द्वारा दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद करते हुए पत्र लिखिए।

प्र 12 सब्ज़ी खरीदने आई महिला और सब्ज़ी वाले के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए । 5

या

पिता और पुत्र के बीच परीक्षा की तैयारी को लेकर होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

प्र 13 - दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने विचारों को 50 शब्दों में लिखिए : 5



==================================